**खबर संक्षेप**

## थांगता प्रतियोगिता के लिये 8 खिलाड़ियों का चयन



**मण्डला।** राज्य स्तरीय थांगता प्रतियोगिता में मंडला जिले से 8 खिलाड़ियों का चयन में हुआ जिसमें गरिमा धुर्वे पूर्णिमा जैसवल नंद किशोर परते सुमित धुर्वे संदीप बर्मन तेजस्विनी मरावी उत्कर्ष राय वीरेन्द्र रघुवंशी का चयन राज्य स्तरीय थांग ता प्रतियोगिता में हुआ जो कि 22 अगस्त से 24 अगस्त तक भोपाल में आयोजित हो रही है जिसमें खेलों इंडिया यूथ गेम्स में क्वालीफाई करेंगे यह सभी बच्चे महात्मा गांधी स्टेडियम में प्रैक्टिस करते हैं नेशनल कोच संदीप बर्मन के द्वारा प्रैक्टिस करते हैं।

## कलेक्टर श्री मिश्रा ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**मण्डला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा ने गुरूवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला में स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान वेयरहाऊस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, निर्वाचन अधीक्षक श्री अरूण कुशवाहा, श्री सीके तिवारी आदि उपस्थित रहे।

**न तो मेप ही निर्धारित और न ही तकनीकि सार्वजनिक**

# सड़क निर्माण कंपनी की मनमानी

*** पैसा लेकर दिशा बदलने का भी लग रहा आरोप।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

समय के साथ विकास आवश्यक है लेकिन विकास के भी कुछ नियम होते हैं कहने का आशय कि विकास के नाम पर जो भी निर्माण कार्य होंगे उसको लेकर जनसामान्य को कम से कम परेशानी हो एवं जनसामान्य के मूल अधिकार न प्रभावित हों और उनके आवागमन पर किसी तरह की बाधा न हो इसका पर्याप्त ध्यान रखा जायेगा लेकिन देखा यह जा रहा है कि विशेष रूप से सड़क निर्माण को लेकर निर्माण एजेंसी या ठेकेदार अपनी मनमानी करते रहे हैं अब उदाहरण स्वरूप मण्डला से डिण्डौरी पहुंच मार्ग की ही बात करें तो मण्डला वाईपास से लेकर आईटीआई तक पूरी सड़क उखाड़ दी गई है और यह सड़क लगभग दो माह से ज्यादा समय पूर्व उखाड़ ली गई जबकि इसे फिलहाल बनाना नहीं था अब पूरा बारिश का मौसम इस बदहाल सड़क से लोगों को आना-जाना पड़ा है अभी बारिश चल ही रही है रोजाना पानी से भरे सैकड़ों गड्ढों पर वाहनों का होकर गुजरना खतरे से खाली नहीं होता।






इसके अलावा जिस तकनीक से यह पूरी सड़क खोदी गई है विशेष रूप से इस सड़क पर जब दोपहिया वाहन चलते हैं तो वे लहराते चलते हैं ऐसा एहसास होता है जैसे वाहन का टायर पंचर हो गया हो संतुलन कायम रख पाना बहुत मुश्किल होता है। कभी जिम्मेदार अधिकार यहां आकर देखें तो उन्हें मालूम चले कि इस क्षेत्र से जाने वाले छात्र-छात्रायें एवं शिक्षकगण किस तरह जान हथेली पर रखकर यहां से आ-जा रहे हैं। पानी भरे गड्ढों में दुर्घटनायें भी हो रही हैं।

### सड़क निर्माण का मेप होना चाहिये सार्वजनिक

दो लेन की इस सड़क को फोरलेन बनाया जा रहा है लेकिन सड़क के दोनों ओर बराबर मात्रा में सड़क न बनाकर जहां मन हो रहा है उस ओर अधिकांश सड़क बनाई जा रही है कहीं मोड़ खत्म करने के नाम पर और कहीं धरातल परिस्थिति को देखते हुये यह काम करने की बात कहीं जा रही है जबकि स्थानीय लोगों की माने तो निर्माणकर्ता कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने की नियत से दूसरी ओर सड़क को बढ़ा रहे हैं जिससे उनके चहेतों के निर्माण प्रभावित न हो और इसके लिये तो बाकायदा पैसे लिये जाने के भी आरोप लगे हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के दोनों ओर या बराबर मात्रा में जमीन अधिग्रहित की जाये या सड़क निर्माण का मेप सार्वजनिक किया जाये।

### अधिकारियों को नहीं लगता फोन

सड़क निर्माण को लेकर किसी भी तरह की जानकारी के लिये जब नोटिस बोर्ड में लिखे गये नम्बरों से सम्पर्क साधा जाता है तो फोन लगता ही नहीं एक मात्र उपयंत्री श्री नेमा से ही बात हो पाती है और वे भी जबलपुर में रहते हैं लिहाजा समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा इनके द्वारा कार्यपालन यंत्री एवं अन्य अधिकारियों का जो नम्बर दिया गया उनसे भी सम्पर्क नहीं हो पाया कहा जाता है कि ये सभी अधिकारी जबलपुर में ही रहते हैं अब मण्डला में यदि जानकारी लेना हो और किसी समस्या का समाधान खोजना हो तो फिर क्या किया जाये।





# यंत्रों को अनुदान पर खरीदने हेतु करें ऑनलाईन आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कृषि अभियांत्रिकी विभाग के ऑनलाईन पोर्टल ई-कृषि यंत्र अनुदान के लिये वेबसाइट कइजण्उचकंहमण्वतह पर यंत्रों स्वचालित हाई ग्राउंड क्लियरेंस स्प्रेयर-बूम टाईप, पावर वीडर, क्लीनर-कम-ग्रेडर एवं फर्टिलाइजर ब्रॉडकास्टर के आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मिनी दाल मिल यंत्र के आवेदन करने की अंतिम 27 अगस्त 2025 तक बढ़ाई गई है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर लक्ष्य निर्धारण किया जायेगा एवं पृथक से लॉटरी की सूचना प्रकाशित की जायेगी। कृषक को आवेदन करने हेतु आधार कार्ड, जमीन की खतौनी (बी-1), सहायक कृषि यंत्री मण्डला के नाम से राशि का बैंक डिमांड ड्राफ्ट जो आवेदक किसान के स्वयं के खाते से बना होना चाहिए। ट्रेक्टर (50 एचपी से अधिक) का पंजीयन प्रमाण पत्र (आरसी), एस.सी., एस.टी. वर्ग हेतु जाति प्रमाण-पत्र और कृषक के बैंक खाते की छायाप्रति आवेदन के साथ ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य है।


### धरोहर राशि का विवरण

स्वचालित हाई ग्राउंड क्लियरेंस स्प्रेयर-बूम टाईप हेतु राशि 5000 रूपए का डिमांड ड्राफ्ट तथा पावर वीडर हेतु राशि 3100 रूपए का डिमांड ड्राफ्ट, क्लीनर कम-ग्रेडर हेतु राशि 3000 रूपए का डिमांड ड्राफ्ट एवं फर्टिलाइजर ब्रॉडकास्टर हेतु राशि 5500 रूपए का डिमांड ड्राफ्ट।

## शांति समिति की बैठक 22 अगस्त को

**मण्डला।** गणेशोत्सव, मिलाद-उन-नबी एवं आगामी पर्वों के अवसर पर शांति समिति की बैठक का आयोजन 22 अगस्त को शाम 4 बजे जिला योजना भवन में किया गया है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने सभी संबंधितों को बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

## ब्रह्माकुमारीज संस्थान के द्वारा किया जाएगा रक्तदान शिविर



**मण्डला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की पुण्यस्मृति दिवस को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18 वीं पुण्यस्मृति दिवस के उपलक्ष्य पर रक्तदान शिविर भारत एवं नेपाल में ब्रह्माकुमारीज के सभी स्थानीय सेंटर्स द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसी के तहत ब्रह्माकुमारीज मंडला के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तदान शिविर 24 अगस्त 2025 रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मां रेवा टीवीएस एजेंसी, कटरा के सामने स्थित डीके हेल्थ केयर में रखा गया है। मंडला जिले के आप सभी लोग इस रक्तदान शिविर में आकर इस पुण्य कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें।

## दीनदयाल रसोई योजनांतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में दीनदयाल रसोई योजनांतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मंडला एवं नैनपुर नगरपालिका क्षेत्र में दीनदयाल रसोई संचालन का कार्य कर रही संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की गई। रसोई संचालन कर रही संस्थाओं/स्व-सहायता समूहों के अनुबंध के नवीनीकरण पर चर्चा करते हुए समिति सदस्यों ने संस्थाओं के कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त कर अनुबंध बढ़ाए जाने की अनुशंसा की। बैठक के दौरान संस्थाओं को प्रतिमाह उपलब्ध कराए जा रहे चावल का कोटा बढ़ाए जाने पर चर्चा की गई।

बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष मंडला विनोद कछवाहा, नगरपालिका अध्यक्ष नैनपुर श्रीमती कृष्णा पंजवानी, व्यापारी संघ के प्रतिनिधि, सहायक कलेक्टर आकिप खान, उपसंचालक सामाजिक न्याय रोहित बड़कुल, जीएमडीआईसी नंदकिशोर वास्कले, डीएसओ संत भलावी, सीएमओ नगरपालिका मंडला श्री गजानंद नाफड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।

## पंचायत उन्नति सूचकांक संबंधी प्रशिक्षण 22 अगस्त को

**मण्डला।** पंचायत के समग्र विकास के प्रदर्शन मापक के रूप में पीएआई 2.0 (पंचायत उन्नति सूचकांक) क्रियान्वित किया जा रहा है। जिला पंचायत के सभाकक्ष में 22 अगस्त को प्रातः 11 बजे से पीएआई 2.0 का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक विभागवार सूचकांकों के संबंध में विस्तृत चर्चा, पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षकों द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में प्रतिभागियों से की जाएगी ताकि पोर्टल पर प्रविष्टी में तथा मॉनिटरिंग कोई समस्या न हो। जिले की सभी पंचायतों की रैंकिंग स्थिति, थीमवार प्राप्तांक तथा जहां कमी रही उसका विश्लेषण कर आगामी पीएआई 2-0 की प्रविष्टि हेतु पूर्व से तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## विश्व हिंदू परिषद के 61वें स्थापना दिवस पर पहुंचे केन्द्रीय मंत्री देवजी भाई रावत, हुई समरसता संगोष्ठी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस एवं सामाजिक समरसता संगोष्ठी का आयोजन झंकार भवन मंडला में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वालित से हुआ। मुख्य अतिथियों का स्वागत कोषाध्यक्ष हितेश दुबे ने किया। इस अवसर पर मुख्यवक्ता के रूप में केन्द्रीय मंत्री देवजी भाई रावत ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद का उद्देश्य केवल धार्मिक या संगठनात्मक नहीं बल्कि सामाजिक समरसता और सेवा पर आधारित है। विहिप ने अपने 61 वर्षों के कार्यकाल में समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का काम करते आ रहा है। विश्व हिन्दू परिषद में विषम परिस्थितियों मे भी काम किया है। हर कार्यकर्ता विहिप नीव हैं। गिरिवासी और वनवासी समाज की सेवा, मठ-मंदिर और तीर्थों का संरक्षण तथा शिक्षा-संस्कार के क्षेत्र में संगठन ने जो कार्य किए हैं, वह समाज को शक्ति प्रदान करने वाले हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश जैन ने की। वहीं उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज की एकता ही राष्ट्र की मजबूती का आधार है। जब-जब समाज में विघटन पैदा करने की कोशिश हुई है तब-तब विहिप ने संगठनात्मक शक्ति और सेवा कार्यों से समाज को दिशा देने का कार्य किया है। मुख्य अतिथि सुभाष डगोरिया ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि संगठन की स्थापना 1964 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर हुई थी और तब से विहिप ने सेवा, संस्कार और सामाजिक उत्थान को अपना मूल ध्येय बनाया है। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, कार्यकर्ता एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि हिंदू समाज की एकता और सामाजिक समरसता के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में विहिप के जिला अध्यक्ष मनोज फागवानी और अमित बैरागी ने संगठन की 61 वर्षों की यात्रा का संक्षिप्त इतिहास साझा किया। वही इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष मनोज फागवानी ने कहा कि आज के समय में सामाजिक समरसता सबसे बड़ी आवश्यकता है। जब समाज एकजुट होकर चलता है तभी राष्ट्र मजबूत होता है। हमें जाति, भाषा और प्रांत के भेदभाव से ऊपर उठकर एक भारत - श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करना होगा। श्री फागवानी ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़े रहकर आधुनिकता को अपनाना चाहिए। सेवा और संस्कार के मार्ग पर चलकर ही हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने बताया कि विहिप ने बीते 61 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार के क्षेत्र में हजारों प्रकल्प संचालित किए हैं, जिनसे लाखों लोगों का जीवन बदला है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने वनवासी क्षेत्रों में विद्यालय, चिकित्सा शिविर, संस्कार केंद्र चलाकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ाव को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि विहिप का लक्ष्य केवल हिंदू समाज को संगठित करना ही नहीं बल्कि राष्ट्रहित में सभी वर्गों को साथ लेकर चलना है। यही सामाजिक समरसता का सही मार्ग है। वहीं मंच का संचालन नगर मंत्री रितेश कछवाहा ने किया। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सेवानिवृत्ति** | **22 सेवानिवृत्त कर्मचारियों का जिला कलेक्टर द्वारा किया गया सम्मान।**

# सेवानिवृत शासकीय सेवकों को वितरित किया पीपीओ

*** भावी जीवन की दी गई शुभकामनायें।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने माह जुलाई 2025 में अलग-अलग कार्यालयों से सेवानिवृत्त हुए 22 शासकीय कर्मचारियों का सम्मान एवं पीपीओ वितरण किया। कलेक्टर ने पीपीओ वितरण के साथ सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमति क्षमा सराफ, जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी, जिला पेंशन अधिकारी अविनाश नागले सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा जिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ वितरित किए गए हैं उनमें बीईओ कार्यालय मण्डला से महेश कुमार नामदेव, श्रीमति प्रतिमा सोनी, राजेन्द्र कुमार रजक, भीखम लाल सिंगोर, राजेश कुमार शुक्ला, दिनेश कुमार दुबे, श्रीमती चित्रलेखा ठाकुर, श्रीमती निशा सिहारे, श्रीमती नीलम तिवारी, बीईओ कार्यालय बिछिया से निरंजन कुमार साहू, घनश्याम प्रसाद झारिया, सुनील कुमार शुक्ला, राम कुमार नंदा, रणजीत सिंह मरकाम, नेमीचंद चौधरी, बीईओ कार्यालय नैनपुर से नारायण सिंह धुर्वे, श्रीमती सरला वंशकार, प्रहलाद सिंह मालगांव, महेंद्र कुमार राजपूत, फूलचंद मरावी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय मण्डला से श्रीमती मंजू माला साइमन, आरडी कॉलेज मण्डला से श्रीकांत श्रीवास्तव शामिल हैं।


## खबर संक्षेप

### निर्मल ग्रामों की बर्बादी, कमीशन की आड़ में आंखे बंद किये हुए अधिकारी?



**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** देश को विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के तहत गांव को साफ सुधरा और हरा भरा बनाने की कवायद में है और इसके लिए शासन प्रशासन निर्मल ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, इसके लिए समय समय पर गांव को चयानित कर वहां पर लाखो करोड़ो रूपये की राशि खर्च की जा रही है जिसमें गांव के प्रत्येक परिवारो के घरो में शौचालय बनाये गये है। वही दूसरी ओर गांव में पक्की नालियां सड़क और कुडादान व जल स्त्रोतो को साफ सुधरा बनाया जाना है और इसकी देख रेख के लिए जिला स्तर पर हर ब्लाक में अलग से कर्मचारी भी नियुक्त किये गये है जिन्हे वेतन के रूप में मोटी रकम और भ्रमण करने के लिए वाहन उपलब्ध कराये गये है। लेकिन ये अधिकारी कर्मचारी आफिसों में बैठे बैठे ही योजना का संचालन कर रहे है और इसका परिणाम यह देखने में आ रहा है कि गांव में बनायी गई सड़के एक चंद वर्षो में ही पूरी तरह उखड़ चुकी है, वही पूर्व के समय में गांवों में बनाये गये शौचालय की स्थिति भी इसी प्रकार से देखने मिल रही है कि वह कचरो एवं कूडादानो में तब्दील हो गये है तो हजारों रूपया की लागत से बनाये गये कचरा घर टूट गये है, जल स्त्रोतो के समीप हरी घासे एवं दलदल निर्मित हो गयी है, इसके बाबजूद शासन द्वारा इन निर्मल ग्रामो को पुरूस्कार द्वारा नवाजा गया है, जिसमें लाखो रूपये की इनाम राशि को भी सरपंच सचिवो ने डकार ली? यदि इन गांवों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचायते तो इस प्रकार की जहां पर लोग आज भी शौच के लिए बाहर जाते हुए नजर आते है और दूसरी ओर सड़कों की गुणवत्ता को दरकिनार करते हुए कमीशन की आड़ में अधिकारियों द्वारा उन्हें पास कर दिया गया है जो चंद दिनों के बाद भी टूटना शुरू हो चुकी है।

# शासकीय स्कूल सीरेगांव में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की जिन्दगी खतरे से खाली नहीं


शासकीय हाईस्कूल सीरेगांव


**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**









इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि शासकीय स्कूलों में अध्ययन करने वाले छात्राओं के लिये सरकार द्वारा सुविधाये प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। क्योंकि आने जाने के लिये साईकिलों से लेकर भोजन सहित स्कूली ड्रेस के आलवा अच्छे भवनों का निर्माण कराते हुये हर साल करोड़ो रूपया खर्च किये जा रहे है। इस तरह शासन द्वारा स्कूलों के भवन निर्माण के लिये करोड़ो रूपया की राशि खर्च तो की जाती है। मगर उनके निर्माण के दौरान बरती जाने वाली गुणवत्ता के चलते यह भवन मुश्किल से पांच वर्ष चलते हुये दिखाई देने से नही चूकते है..? वही दूसरी ओर शासकीय शिक्षण संस्थाओं में सुरक्षा के उचित प्रबंध नही होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय भवन शराब खोरी करने वाले तत्वों के लिये प्रमुख अड्डा बनने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम सीरेगांव शासकीय माध्यमिक व शासकीय हाई स्कूल की सच्चाई देखने मिल रही है। बताया जाता है कि इस भवन में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की जिन्दगी खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है। क्योंकि बारिश के दिनों में जिस तरह से छत से पानी टपकते हुये छत की गिर रही पलेस्तर के चलते मासूमों की जिन्दगी को खतरा बना हुआ है तो दूसरी ओर भवन के बाहर खेल मैदान यानि की स्कूल परिसर के ऊपर से निकली हुई बिजली लाईन खतरा पैदा करने से नही चूक पा रही है..? इस स्थिति में इन शिक्षण संस्थाओं में अध्यन करने वाले छात्र छात्राओं के जिन्दगी शाला भवन के अंदर से लेकर बाहर मैदान में खुलेआम बज रहे मौत के सायरन के चलते खतरे में दिखाई देने से नही चूक रही है..? क्योंकि शासकीय शाला भवन की स्थिति को देखते हुये यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि इस भवन का कुछ वर्ष पहले ही निर्माण हुआ होगा..? मगर जिस तरह भवन की छत से पानी टपकते हुये देखा जा रहा है वह गुणवत्ता की सच्चाई उजागर करने से नही चूक रहा है। हाल यह बना हुआ है कि मासूम बच्चों को बारिश के टपकते हुये पानी के बीच बैठकर माध्हान भोजन करने की मजबूरी बनी चुकी है। वही अनेक जगहों से छत की गिरती हुई पलेस्तर मासूमों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रही है। वही शाला भवन परिसर की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो परिसर के ऊपर से निकली हुई बिजली लाईन के चलते परिसर में खेलने वाले बच्चों के लिये सदा ही खतरा बना रहता है। जबकि नियम के अनुसार बताया जाता है कि जहां से बिजली लाईन निकली होती है उसके नीचे शासकीय भवन का निर्माण नही किया जाता है। यदि जहां शासकीय भवन बना होता है उसके ऊपर से बिजली लाईन नही निकाली जाती है। अब इस बात का पता तो नही चल पा रहा है कि यहां पर बिजली लाईन पहले निकली है कि भवन का निर्माण पहले हुआ है। मगर शासकीय स्कूल के परिसर से निकली हुई बिजली लाईन की सच्चाई निश्चित तौर उन अधिकारियों की कार्य कुशलता पर प्रश्न चिन्ह लगाने से नही चूक रहा है जिन्होंने इस सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये यहां पर भवन की स्वीकृति प्रदान की गई होगी..? इस तरह इस स्कूल में अध्ययन करने वाले मासूमों को वर्तमान समय में शाला भवन के अंदर से लेकर बाहर दोनों ओर खतरा दिखाई देने के चलते स्कूली बच्चें सदा ही दहशत के बीच अपने भविष्य को संभालने के लिये मजबूर दिखाई दे रहे है। इतना ही नही बताया जाता है कि शाम होते जिस प्रकार से शासकीय स्कूल में शराब खोरी करने वालों का जमावड़ा लगता है उसके चलते इस भवन की शासकीय संपत्ति को लगातार क्षति पहुंचते हुये देखा जा रहा है। इस संबंध में संस्था प्रमुख द्वारा बीते हुये वर्ष यानि की 4 नवंबर 2024 को शराब खोरी करने वालों की मनमानी को लेकर थाना प्रभारी गाडरवारा के नाम शिकायती पत्र दिया गया था। वही दूसरी ओर शाला भवन परिसर के सामने से निकली हुई बिजली लाईन से छात्र छात्राओं को पैदा हो रहे खतरे को लेकर बीते हुये माह यानि की 4 जुलाई 2025 को हाई स्कूल प्राचार्य द्वारा जिम्मेदारों को पत्र लिखते हुये कार्यवाही की मांग की जा चुकी है। मगर अभी तक किसी भी प्रकार से कोई कार्यवाही न होना इस बात के संकेत देने से नही चूक रही है कि मानों जिम्मेदारों की कुम्भकर्णी निंद्रा किसी बड़ी घटना के बाद ही भंग हो पायेगी...?

## शिक्षा मंत्री की क्षेत्र के शासकीय स्कूलों के लिये स्वीकृत की बड़ी सौगात, उन्नयन के लिए मिलेगी 25 करोड़ की राशि





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री द्वारा क्षेत्र के स्कूलों की सूरत बदलने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसी के चलते मप्र स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा मध्य प्रदेश के 175 स्कूलों के भवनों के लिए 125 करोड रुपए की राशि जारी की गई है। जिसके अंतर्गत मप्र के स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री उदय प्रताप सिंह के विशेष प्रयासों से जिले की कुल 26 स्कूलों को भवन एवं लैब के लिए 25 करोड़ की राशि जारी की गई है। गाडरवारा विधानसभा के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल सूखाखैरी के लिए एक करोड़ 33 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल रायपुर के लिए एक करोड़ 33 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल बारहबड़ा के लिए 50 लाख 25 हजार, हायर सेकेंडरी स्कूल तूमड़ा के लिए 50 लाख 25 हजार, हायर सेकेंडरी स्कूल तेंदूखेड़ा (गोटीटोरिया) के लिए एक करोड़ 33 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल बसुरिया के लिए 93 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल मिडवानी के लिए एक करोड़ 33 लाख रूपया तो समीपस्थ विधानसभा तेंदूखेड़ा के अंतर्गत हायर सेकेंडरी कन्या स्कूल तेंदूखेड़ा के लिए 67 लाख, हायर सेकेंडरी राघव कृषि विद्यालय बोहानी के लिए 64 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल कौड़िया के लिए 64 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पलोहा बड़ा के लिए एक करोड़ 33 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल खुलरी के लिए एक करोड़ 33 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल करपगांव के लिए 77 लाख 50 हजार, हायर सेकेंडरी स्कूल खड़ई के लिए एक करोड़ 33 लाख की राशि जारी की गई है। इस प्रकार शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा प्रदान की गई इस सौगात से निश्चित तौर शासकीय स्कूलों की सूरत बदलने से नही चूक पायेगी।

## जिला कलेक्टर के आदेश के पालन के चलते किराये से चल रहे हेलमेंट, जांच के नाम पर अधिकारियों द्वारा निभाई जा रही औपचारिकता









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले दोपहिया एवं ऑटो वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करने की बात कही जा रही है। वही दूसरी ओर बीते हुये जिला कलेक्टर द्वारा जिले के संपूर्ण पेट्रोल पंपों पर दो पहिया वाहनों बगैर हेलमेट के पेट्रोल विक्रय करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस आदेश के पालन को लेकर जिस तरह औपचारिकता निभाई जा रही है वह चौकाने वाली सच्चाई उजागर करने से नही चूक पा रही है। क्योंकि जिला कलेक्टर के आदेश का पालन कराने के लिये सक्षम अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने के चलते जहां पेट्रोल पंपों द्वारा कुछ तत्वों द्वारा दो पहिया वाहनों में पेट्रोल भराने पहुंचने वाले दो पहिया वाहन चालको के लिये दस दस रूपया में हेलमेट उपलब्ध कराते हुये गोरखधंधा शुरू कर दिया गया जिसके चलते अनेक वाहन चालक दस रूपये में पेट्रोल भरने के लिये हेलमेन्ट लगाने की औपचारिकता निभाते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर परिहवन विभाग द्वारा भी कलेक्टर के आदेश का पाहन करने के लिये जिस तरह वाहनों की चैकिंग के नाम की औपचारिकता निभाई जा रही है वह फोटो तक सीमित नजर आने से नही चूक पा रही है। इस संबंध में बताया जाता है कि परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा गाडरवारा में भी ओवरलोड एवं नियम विरूद्ध वाहन चालने वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई। जिसमें गाडरवारा में 5 ऑटो वाहन चालक नियम के विरूद्ध चलाते पाए जाने पर उनके ऑटो को जप्त कर कार्यवाही की गई। यह बात सही है कि आटों चालकों के खिलाफ तो कार्यवाही की गई है। मगर इस चैकिंग कार्यवाही के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारी व स्थानीय पुलिस थाने के एक दो तारा धारी अधिकारी की चैकिंग करने की कार्यवाही के नजारे देखने मिले वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाये। क्योंकि अनेक स्कूलों की बसे जिनमें निर्धारित मात्रा से अधिक बच्चें भरे होने के साथ अुर्जन की गुलेल के तरह दौड़ते हुये आ रही इन बसों को अधिकारियों द्वारा रोकते हुये जांच करने की जगह उनके सामने खडे होकर मात्र फोटो निकल बाते हुये देखी गई सच्चाई सबाल खड़े करने से नही चूक पा रही है..? कुछ इसी प्रकार का हाल उन दो पहिया वाहन चालको को देखने मिला जो एक बाइक पर तीन तीन लोग सबार होते हुये बेलगाम गति से द्वौड़ाते हुये इन अधिकारियों के सामने से निकलते हुये दिखाई देने के बाद भी नजर अंदाज कर दिया गया। इस सच्चाई को देखते हुये लोगों का कहना है कि जिला कलेक्टर के आदेश की इस तरह औपचारिकता निभाने का क्या मतलब..? जबकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली क्षति को कम करने दो पहिया वाहन चालकों को बार- बार विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने के बाद भी उनके द्वारा नियमित रूप से हेलमेट का उपयोग नहीं किया जा रहा है। वही बिना हेलमेट धारण कर दो पहिया वाहन चालकों द्वारा जब सार्वजनिक मार्गों पर सफर किया जाता है तो किसी भी समय उनकी एवं साथ में बैठी सवारी की जान जोखिम में रहने की प्रबल संभावनाएं रहती है। इन्हीं दुर्घटनाओं को रोकने व अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार ऐसे दो पहिया वाहन चालक, जिनके द्वारा हेलमेट धारण नहीं किया है, उन्हें किसी भी पेट्रोल पंप द्वारा पेट्रोल/ सीएनजी का प्रदाय नहीं किया जाएगा। मगर इस आदेश का पालन कराने के लिये नियुक्त अधिकारियों द्वारा नियम का पालन कराने के नाम पर निभाई जा रही औपचरिकता का परिणाम है कि इस आदेश को कुछ तत्वों द्वारा कमाई का जरिया बनाते हुये पेट्रोल पंपों के ईर्द गिर्द रहते हुये दस दस रूपया में हेलमेट उपलब्ध कराते हुये अवैध कमाई करने की शुरूआत कर दी गई है..?

## राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतगत हुआ आयोजन





**हरिभूमि न्यूज/चीचली।**

विकास खंड चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में बीते हुये सप्ताह राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सीएचसी केंद्र सालीचौका से आगन्तुक परामर्शदाता पूजा सोनी के द्वारा विद्यालय के किशोरावस्था के छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम अंतर्गत उन्मुखीकरण किया गया। बताया जाता है कि उनके द्वारा संतुलित आहार, पर्याप्त पोषण, एनीमिया के कारण तथा निवारण संबंधी जानकारी के आलवा स्वास्थ्य सुरक्षा, किशोरों में वृद्धि एवं विकास, किशोरावस्था में शारीरिक परिवर्तन सहित उमंग क्लीनिक में दी जाने वाली सुविधाएं के साथ साथ मनहित एप डाउन लोड एवं प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान उनके द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम संबंधित चैट बोट के उपयोग के बारे में बताया गया। इस उन्मुख कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर, शिक्षक सत्यम ताम्रकार, हेमंत शुक्ला, विनीत नामदेव, सृष्टि कौरव, मोनिका मिश्रा, निधि केरकेट्टा, आरती कौरव, मोनिता,विश्नोई सहित विद्यालय के छात्र छात्राये मौजूद रहें।

## सूखाखैरी में आयोजित की गई विकास खंड स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता





**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** विकास खंड चीचली अंतर्गत ग्राम सूखाखैरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकास खंड स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गईं। बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता में चीचली ब्लॉक के शासकीय विद्यालयों के बालक /बालिका वर्ग में अंडर 14,17 एवं 19 आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने सहभागिता की गई। वही प्रतियोगिता का उदघाटन पूर्व मंडी अध्यक्ष जगमोहन मरैया ने किया। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनसे बेहतर खेल दिखाने की अपेक्षा व्यक्त करते हुये उन्होंने कहा कि खेल में जीत हार तो चलती रहती हैं। लेकिन हमें हमेशा अपना सर्व श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करना चाहिये वही अच्छा खिलाड़ी बनता है। प्रतियोगिता के अंत में शासकीय उ मा विद्यालय सूखाखेरी की अंडर 14, 17 एवं 19 बालक वर्ग की टीमों ने फाइनल में जीत हासिल की। प्रतियोगिता के आयोजन में प्राचार्य महेन्द्र कौरव, ब्लॉक खेल प्रभारी नितेंद्र प्रताप राजगोड़, ब्लॉक कोआरडीनेटर डॉ संदीप मेहरा, पीटीआई सुमित पटैल, शीला लोधी का योगदान रहा।

## जिन्दगी की शाम काटना हुआ वृद्वजनों का मुश्किल, शहर में वृद्धाश्रम बनना जरूरी

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

मेहनत कर किसी तरह बच्चो का भविष्य सॅवारने के साथ साथ जीवन के सच का सामना करते हुए जिन्दगी की शाम आ पहॅुची पर नगर के बहुत से ऐसे वृद्ध है, जिन्हे वृद्धावस्था मो सुखचैन नसीब नहीं हुआ, दरकतें परिवारों के दौर में जहां युवा वृद्धो की देखभाल करने से कतराने लगे है, वही दुःखद सच्चाई यह भी है कि परिवारो में उपेक्षित होने की स्थिति में वृद्ध एकाकीपन की यातना झेलने को भी विवश हो गए है, जो वृद्ध शासकीय सेवा में रह चुके है उनके लिए तो मासिक पेंशन कुछ हद तक सम्मान जनक ढंग से जीने का सहारा बनी हुई है, किन्तु जिन वृद्धो को वृद्धावस्था पेंशन मिल रही है उन्हे तो समस्याओं के कॉटे लगातार बेधते रहते है और वे किसी प्रकार गुमनामी के अॅधेरे में अपनी जिन्दगी काटने मजबूर है? उल्लेखनीय है कि शहर में आबादी बढ़नें और लोगों के नजरिए में बदलाब आने के साथ वृद्धो की जीवन दशा खराब होती चली जा रही है और अधिकतर बुद्धिजीवी, प्रतिष्ठित नागरिको का मत है कि गाडरवारा में शीघ्र सामूहिक सहयोग से एक वृद्धाश्रम खोला जाए, जिसमें रहकर जरूरत मंद वृद्ध सुकून से अपना शेष जीवन व्यतीत कर सकें। नगर में वृद्धाश्रम के खोलने की जरूरत के हरिभूमि के सवाल पर नगरवासियों का कहना है कि चल रहे आधुनिक दौर में सुविधाओं के हासिल करने की होड़ मची हुई है। संवेदना कुंठित होने से परिवारों में अशांति का माहौल देखनने मिल रहा है, जिसके कारण वृद्धो को ऑख से ओझल किया जा रहा है, प्रदेश सरकार ने भले ही वृद्धो के कल याण के लिए अनेक प्रकार की योजनाएॅ संचालित कर उन्हे लाभ पहॅुचाया जा रहा है, पर शहर सहित क्षेत्र के गांवों के घरों में वृद्धो की हालत चिन्ता जनक बनी हुई दिखाई दे रही है? इस स्थिति में नगर में वृद्धाश्रम खुलना जरूरी है, जिससे वृद्धो का जीवन खुशहाल बन सके वही नगर के लोगों के अनुसार नगर में अनेक समाजसेवी संस्थाएॅ ऐसी है जो थोड़ा सा जनसेवा का काम कर ढेरों यश, बाही वाही लूटाने में विश्वास रख्ती है? मगर दुर्भाग्य की बात है कि समाज सेवी संस्थाओं ने अभी तक नगर में वृद्धो के कल्याण के लिए वृद्धाश्रम खोलने की आवाज नहीं उठायी है? वृद्धाश्रम प्रारम्भ कराने के सम्बंध में इसी तरह वृद्धों की वोट लेने वाले नेता भी उदासीन दिखाई दे रहे है, जिसके चलते अपने जीवन के अंतिम पढ़ाव में वृद्वजनों को मुश्किलों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है...?

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति गाडरवारा, जिला नरसिंहपूर (म.प्र.)**

क्रं/मंडी/निर्माण/2025-26/697 गाडरवारा, दिनांक 21/08/2025

**:-निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय):-**

कृषि उपज मंडी समिति गाडरवारा "ख श्रेणी" मंडी द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2025MPSAM_446089_1 के अंतर्गत ऑन लाईन निविदायें दिनांक 08.09.2025 को शाम 15:30 PM बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.co.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट:- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी ।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
गाडरवारा

## रेल्वे स्टेशन पर दुकानों के सामने खड़े रहने वाले ऑटो चालकों की मनमानी पर नहीं लग रहा अंकुश

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि जब जिले या फिर स्थानीय स्तर पर कोई पुलिस अधिकारी आता है तो वह नगर में आने के उपरांत यहां की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था को देखकर उसे सुधारने के लिए अपनी तरफ से पूरा भरोसा दिलाते हुए यह बात कहने से नही चूकता है कि इस नगर की सबसे बड़ी समस्या यातायात है जिसे सुधारने में वह कोई कसर नही छोड़ेगे और चंद दिनों में पटरी से उतरी हुई यातायात व्यवस्था को वह सुधार कर रहेगे? मगर पता नही कि उन्हें इस नगर का पानी पीने के बाद जब उस पानी का असर होता है तो वह चंद दिनों के उपरांत अपने द्वारा ही कहे जाने वाले शब्दों को पूर्ण रूप से भूलकर जिस स्थिति में चल रही शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था को सुधराना ही भूल जाते है? मगर इस बात कुछ दिन बीत जाने के बाद भी सुधार होते हुए कही दिखाई नही देता है। क्योंकि नगर की यातायात व्यवस्था की सच्चााई आज भी जहां की तहां बनी हुई दिखाई दे रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के प्रमुख स्थल स्टेशन के समीप गौर किया जावे तो यहां पर यदि आटों चालकों की मनमानी इस प्रकार से हावी है कि जिसके चलते स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि स्टेशन पहुंचने वाले मार्ग पर आटों चालकों का जिस प्रकार से मुख्य सड़क पर कब्जा रहता है कि आम वाहन चालकों की बात तो दूर पैदल तक लोगों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है। बताया जाता है कि अनेक आटों चालक स्टेशन से मुख्य नगर की ओर आने वाले मार्ग पर लगी हुई दुकानों के सामने अपने आटों इस प्रकार से काफी समय तक खड़े करे रहते है जिसके चलते संपूर्ण सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है, इस स्थिति में ट्रेन पकड़ने के लिए दो पाहिया वाहनों या फिर पैदल जाने वाले रेल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जाता है और स्थिति खराब उस समय और अधिक हो जाती है जब किसी ट्रेन के आने या फिर जाने का समय होता है जिसके चलते जब आम यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए किसी महिलाओं व अन्य परिजनों को दो पाहिया या चार पाहिया वाहन से लेकर जा रहे होते है उस समय मुख्य सड़क पर घंटों तक खड़े रहने वाले इन आटों के चलते ट्रेन पकड़ने के लिए जाने वाले आम लोगों के वाहनों का यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है। इस प्रकार से आटों चालकों की मनमानी को लेकर न तो पुलिस प्रशासन के अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही अन्य अधिकारी जिसके चलते आम लोगों को प्रतिदिन परेशान होते हुए देखा जा रहा है। जबकि गौर करने वाले बात तो यह है कि सुबह व शाम के वक्त बीना ट्रेन से अनेक पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को इस मार्ग से निकलना होता है, इसके बाद भी इस प्रकार से आटों चालकों द्वारा की जा रही मनमानी उनके नजर में न आना पुलिस की उदासीन कार्य प्रणाली को उजागर करते हुए दिखाई दे रहा है? कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के भारतीय स्टैट बैक के सामने का देखने मिल रहा है जहां पर मुख्य मार्ग पर ही लोगों द्वारा अपने वाहन खड़े करते हुये बैक के अंदर चले जाते है जिसके कारण यह मार्ग पूर्ण रूप से बंद की स्थिति में पहुंचने से नही चूक पा रहा है। मगर इसके बाद भी इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण लग रहा है कि शायद इस इस नगर का भगवान ही मालिक है...?

**आम सूचना**

चंद्रकांता पति निर्देश सिंह पटेल निवासी ग्राम सासबहू, पोस्ट बांसखेड़ा, तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। यह है कि मुझ शपथकर्ता के पति के नाम से एक वाहन स्विप्ट डिजायर कार जिसका वाहन क्र. MP20 CD 2610 है। मुझ शपथकर्ता के पति निर्देश सिंह पटेल का स्वर्गवास दिनॉक 22.04.2021 को हो गया है तथा मुझ शपथकर्ता द्वारा पति के नाम से दर्ज उक्त वाहन के संबंध में जिला परिवहन कार्यालय नरसिंहपुर में वाहन ट्रांसफर हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है । जिसके संबंध में कार्यालय द्वारा 07 दिवस के भीतर दावा आपत्ति पर विचार उपरांत ट्रांसफर की कार्यवाही संचालित की जावेगी। यदि इस पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह निर्धारित दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकता है । तिथि उपरांत कोई विचार नही किया जावेगा ।।

शपथ कर्ता
चंद्रकांता पति निर्देश सिंह पटेल
निवासी ग्राम सासबहू,
पोस्ट बांसखेड़ा तहसील गाडरवारा
जिला नरसिंहपुर (म. प्र. )

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गाडरवारा जिला - नरसिंहपुर (म. प्र.)**

**इश्तहार सूचना**

क्र. 1084 / राजस्व शाखा / न.पा.प. / 2025
गाडरवारा दिनांक 31.07.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर नामातंरण कार्यवाही की जाना है । इस हेतु आज दिनांक 31/07/2025 से 30 दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों एवं प्रमाण रहित अपत्तियाँ मान्य नही की जावेगी ।

प्र.क्र.- 69/25/26
वार्ड का नाम - बीजासेन
मकान/ प्लाट - मकान आवादी 267/1 में से 300 वर्गफीट
सम्पत्ति हस्ता. का माध्यम - शपथ पत्र डिमांड नकल
हस्तातरण का नाम - सायरा बानो, सलीम, आसिक मुस्कान s/o हमीद हबीब खान हस्तातरण कर्ता का नाम - आसिक / हमीद खान

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गाडरवारा

**खबर संक्षेप**

### बजाग छात्रावास की दोनों अधीक्षिकाएँ सस्पेंड, सुनीता कोल को सौंपा गया प्रभार

**डिंडौरी**। सीनियर आदिवासी उत्कृष्ट कन्या छात्रावास बजाग में लगातार विवादों और छात्राओं की शिकायतों के चलते बड़ी कार्रवाई की गई है। छात्रावास की पूर्व अधीक्षिका श्रीमती सोम मरावी, प्राथमिक शिक्षक सह अधीक्षक को 07 अगस्त 2025 को छात्राओं को बरगलाकर धरना-प्रदर्शन के लिये प्रेरित करने एवं नवनियुक्त अधीक्षिका को प्रभार न सौंपने के आरोप में पत्र क्रमांक 1225 दिनांक 19.08.2025 से निलंबित कर दिया गया है। उनका मुख्यालय कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी करंजिया निर्धारित किया गया है। वहीं, नवनियुक्त अधीक्षिका श्रीमती मनोरमा मरावी, माध्यमिक शिक्षक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बजाग को भी छात्राओं से दुर्व्यवहार करने के आरोप में निलंबित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजाग द्वारा मौके पर तैयार पंचनामा, पालक-शिक्षक संघ के आवेदन एवं छात्राओं — सुरूचि उइके, यामिनी परस्ते, रूकमणी परस्ते एवं रिंकी कुशराम के कथनों के आधार पर उन्हें निलंबित कर दिया गया है। उनका मुख्यालय कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी समनापुर निर्धारित हुआ है। दोनों अधीक्षिकाओं की लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता को गंभीर मानते हुए जिला प्रशासन ने कु. सुनीता कोल, माध्यमिक शिक्षक मा.शा. दुल्लोपुर को छात्रावास का प्रभार सौंपा है।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों की खोज है, विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता

**डिंडौरी न्यूज**। विद्यार्थी विज्ञान मंथन(वी वी एम) क्विज प्रतियोगिता विज्ञान भारती की एक पहल है ,जिसे एन सी ई आर टी, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय भारत सरकार के सहयोग से संचालित किया जाता है। विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता के जिला समन्वयक जितेन्द्र दीक्षित ने बतलाया है कि यह क्विज प्रतियोगिता क्लास 6 वी से 11वी के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है । इस वर्ष इस प्रतियोगिता में बहरीन, कुवैत ओमान ,कतर संयुक्त अरब अमीरात के विद्यार्थियों के लिए भी आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिता तीन चरणों मे होगी प्रथम चरण जिला स्तर द्वितीय चरण राज्य स्तर एवं अंतिम चरण राष्ट्रीय स्तर होगी। राज्य स्तर पर चयनित प्रत्येक कक्षा (6वी से 11वी) विद्यार्थियों को 5000 नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्रएवं राज्यस्तरीय शिविर में सहभागिता का अवसर प्राप्त होता है। राष्ट्रीय स्तर के प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थी को 25000 नगद पुरस्कार एवं एक वर्ष के लिये प्रतिमाह 2000रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त होती है।

## बीजेपी विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने प्रेस कांफ्रेंस कर कलेक्टर के विरुद्ध लगाए गंभीर आरोप

# जिले में शिक्षकों के एकजाई तबादलों पर शासन ने लगाई रोक, BJP विधायक ने कलेक्टर के खिलाफ खोला मोर्चा

### आखिर कैसे सुधरेगी शिक्षा व्यवस्था, रसूखदार शिक्षक एक ही स्थान पर जमे..?

**डिंडौरी** । मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में शिक्षा व्यवस्था बद से बदतर स्थिति में हैं, आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले की कई स्कूलों में शासन के निर्देशों और अनुपात के विरुद्ध शिक्षक वर्षों से जमे हैं तो वहीं दर्जनों स्कूल वर्षों से शिक्षक विहीन हैं। लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे शिक्षकों का बामुश्किल तबादले किए गए थे लेकिन यह प्रक्रिया भी लापरवाही और राजनीति की भेंट चढ़ गई। मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग ने जिले प्रशासन द्वारा जारी किए गए स्थानांतरण आदेशों को त्रिपुरारी मानते हुए निरस्त करते हुए नए सिरे से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। भाजपा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए तत्कालीन प्रभारी सहायक आयुक्त और कलेक्टर के विरुद्ध लेनदेन का गंभीर आरोप लगाया है,उन्होंने कहा कि सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला को हटाकर प्रभारी सहायक आयुक्त के साथ स्थानांतरण में खेल किया गया है। कुछ दिनों पहले जिला प्रशासन के द्वारा युक्तियुक्तकरण, प्रशासनिक और स्वैच्छिक रूप से थोकबंद तब्दील किए गए थे, जिस पर शिक्षकों ने असंतोष व्यक्त करते हुए विरोध जताया था। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्राचार्य, बीईओ, सहित प्रथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों के थोकबंद तबादले किए गए थे, स्थानांतरण आदेश के विरुद्ध के शिक्षकों ने उच्च न्यायालय से स्थगन प्राप्त किया है। डिंडौरी जिला प्रशासन द्वारा किए गए स्थानांतरण आदेश को मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जांच के बाद निरस्त करते हुए नए सिरे से कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए हैं।



### - जनजातीय कार्य विभाग ने निरस्त किए कई स्थानांतरण आदेश

मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल ने डिंडौरी जिले में जिला स्तर पर जारी कई स्थानांतरण, युक्तियुक्तकरण,पदस्थापना एवं आदेशों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। विभाग की ओर से जारी आदेश क्रमांक 1/1/41/0010/2025-ED-ESTB-CTD/E-717340 दिनांक 21 अगस्त 2025 के मुताबिक, यह निर्णय राज्य शासन को प्राप्त शिकायतों एवं संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जबलपुर के प्रतिवेदन एवं आयुक्त जनजाति कार्य विभाग के अनुशंसा के आधार पर आदेश जारी किया गया है।

- कलेक्टर डिंडौरी का आदेश निरस्त

कलेक्टर (जनजातीय कार्य) डिंडौरी द्वारा 17 जून 2025 को जारी आदेश क्रमांक 478, जिसके तहत 3 प्राचार्यों द्वितीय श्रेणी का स्थानांतरण किया गया था, उसे विभाग ने तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया। कारण यह बताया गया कि कलेक्टर को इस प्रकार का स्थानांतरण करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। कलेक्टर डिंडौरी के ही आदेश क्रमांक 479 दिनांक 17 जून 2025 से संबंधित 12 उच्च माध्यमिक शिक्षकों का स्थानांतरण आदेश को भी निरस्त कर दिया गया।

**युक्तियुक्तकरण, अतिशेष शिक्षकों की जानकारी संकलन में BEO ने किया खेल**

### 438 शिक्षकों स्थानांतरण सूची पर रोक

डिंडौरी कलेक्टर कार्यालय से 3 जुलाई 2025 को जारी आदेश क्रमांक 604, 605 एवं 606 के तहत 438 शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया था। इस पूरे प्रकरण को विभाग ने नियम विरुद्ध मानते हुए शून्य कर दिया। विभाग ने कहा कि इस प्रकार की पदस्थापना केवल राज्य शासन स्तर पर ही वैध है। साथ ही, इन सभी प्रकरणों को पुनः परीक्षण के लिए शासन को भेजा गया है।

### 139 अधीक्षकों का स्थानांतरण भी अमान्य

11 जुलाई 2025 को जारी आदेश क्रमांक 740, जिसके तहत 139 छात्रावास अधीक्षकों का स्थानांतरण किया गया था, उसे भी निरस्त किया गया है। विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के आदेश केवल राज्य शासन के अधीन ही जारी किए जा सकते हैं, जिला स्तर से नहीं। उपसचिव जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि स्थानांतरण और युक्तियुक्तकरण संबंधी आदेश केवल सक्षम स्तर से ही जारी हो सकते हैं। डिंडौरी जिले से जो आदेश जारी हुए, वे नियम विरुद्ध और अधिकार क्षेत्र से बाहर थे। इस कारण इन्हें तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया।

## जनशिक्षकों को मिली सक्षम कार्यक्रम की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी



**डिंडौरी**। सक्षम कार्यक्रम की प्रगति और प्रभावी संचालन की जिम्मेदारी अब जनशिक्षकों के हाथों में होगी। जनशिक्षक कार्यक्रम की गतिविधियों पर नजर रखेंगे, शिक्षकों, मास्टर ट्रेनर्स और अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय कर कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित कराएंगे तथा समीक्षा व प्रतिक्रिया के माध्यम से सुधार सुनिश्चित करेंगे। इसी क्रम में 21 अगस्त 2025 को डिंडौरी जिले के मेंहदवानी विकासखंड में जनजाति कार्य विभाग और मैजिक बस के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय सक्षम कार्यक्रम का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शैक्षणिक वर्ष 2023 से जनजातीय जिलों में संचालित हो रहा है और अब इसकी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों को सौंपी जा रही है। प्रशिक्षण का संचालन विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री एच.एस. मेश्राम और ब्लॉक स्त्रोत समन्वयक श्री आनंद दुबे के मार्गदर्शन में हुआ। प्रशिक्षण मैजिक बस के मास्टर ट्रेनर श्री संजय गौतम और ब्लॉक प्रबंधक श्री अनुराग दुबे द्वारा दिया गया। इस अवसर पर सक्षम कार्यक्रम जिला प्रबंधक श्री महारन प्रताप सिंह परमार भी उपस्थित रहे। मॉनिटरिंग प्रक्रिया के तहत जनशिक्षक गूगल लिंक के माध्यम से सत्र अवलोकन कर एसक्यूएमएफ फॉर्म भरकर डिजिटल रिपोर्टिंग करेंगे। संकुल स्तर पर जनशिक्षक, ब्लॉक और जिला स्तर पर प्रशासनिक अधिकारी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेंगे।

# ग्राम पंचायत पर 'सरपंच पति राज' का साया मछली पालन पर विवाद, कलेक्टर से गुहार





### स्व सहायता समूह की आजीविका पर संकट, मछली पालन पर खड़ा हुआ विवाद

**डिंडौरी । जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलासर में सरपंच पति के हस्तक्षेप को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। ग्राम की दुर्गा स्व सहायता समूह ने कलेक्टर डिंडौरी को आवेदन सौंपकर आरोप लगाया है कि पंचायत के कामकाज में सरपंच पति बुदेश्वर बनवासी की अनाधिकृत दखलअंदाजी से उनकी आजीविका खतरे में पड़ गई है।**

### - पाँच वर्ष के लिए मिला तालाब

समूह ने बताया कि वर्ष 2024 से उन्हें ग्राम के आवास टोला स्थित शासकीय तालाब (खसरा नंबर 303, रकबा 0.43 हेक्टेयर) में पाँच वर्ष के लिए मछली पालन का अधिकार मिला हुआ है। समूह पिछले डेढ़ वर्ष से तालाब में पालन कर रहा है और अब तक कोई मछली निकाली भी नहीं गई है।

### - सरपंच पति पर आरोप

समूह ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 24 जुलाई 2025 को सरपंच पति बुदेश्वर बनवासी के दबाव में उनके भाई खेमू बनवासी ने बिना अनुमति तालाब में मछली का बीज डलवा दिया। जब समूह ने पंचायत के पदाधिकारियों से इस पर सवाल किया तो उन्हें यह कहकर भटकाया गया कि समूह को दिया गया प्रस्ताव फर्जी है।

### - पंचायत ने सौंपा था तालाब

समूह का कहना है कि पंचायत ने विधिवत प्रस्ताव पारित कर तालाब उन्हें सौंपा था। ऐसे में पदाधिकारियों द्वारा प्रस्ताव को फर्जी बताना न केवल गुमराह करने वाला है बल्कि यह सरपंच पति के दबाव में लिया गया निर्णय भी दर्शाता है।

### - कलेक्टर से मांग

समूह ने कलेक्टर डिंडौरी से मांग की है कि पंचायत के कामकाज में सरपंच पति के अनाधिकृत हस्तक्षेप की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी मनमानी पर रोक लगाई जाए, जिससे स्व सहायता समूहों की आजीविका सुरक्षित रहे और ग्राम स्तर पर पारदर्शिता बनी रहे।



### ग्राम सभा में हंगामाः जानकारी मांगने पर सरपंच पति और चाचा पर धक्का-मुक्की का आरोप

शिकायत पहुंची एसडीएम कार्यालय

**शहपुरा** । शहपुरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कछारी में पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव व सरपंच पर वित्तीय जानकारी छुपाने और ग्राम सभा की बैठक न करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने पंचायत में आए हुए राशि व योजनाओं की जानकारी मांगी, तो ग्राम सभा के दौरान सरपंच पति एवं सरपंच के चाचा द्वारा उनके साथ धक्का-मुक्की की गई। इस घटना से नाराज़ ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में पारदर्शिता पूरी तरह नदारद है। न तो ग्राम सभा नियमित रूप से आयोजित की जा रही है और न ही पंचायत की आय-व्यय की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। जानकारी मांगने पर हंगामा और उल्टा दबाव और मारपीट जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और ग्रामीणों को न्याय कब तक मिल पाता है।

## ग्राम सभा का बहिष्कारः रोजगार की मांग पर पौड़ी रैयत के ग्रामीणों का प्रदर्शन



**शहपुरा**। डिंडौरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत माधोपुर पोषक ग्राम पौड़ी रैयत में आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्राम विकास के मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाई गई ग्राम सभा में ग्रामीणों ने रोजगार की समस्या को लेकर नाराजगी जाहिर की और सभा का सामूहिक बहिष्कार कर दिया। ग्राम सभा स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्हें लंबे समय से रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। मनरेगा जैसी योजनाओं का लाभ गांव तक सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रोज़गार की कमी के कारण गांव के युवा और मजदूर वर्ग पलायन करने को मजबूर हैं। सभा का बहिष्कार करते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन भी किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही रोजगार की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। ग्रामवासियों का कहना है कि ग्राम सभा का मकसद गांव की समस्याओं का समाधान खोजना होता है, लेकिन जब उनकी बुनियादी ज़रूरतें ही पूरी नहीं हो रही हैं तो सभा का कोई मतलब नहीं रह जाता। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक रोजगार उपलब्ध नहीं होगा, तब तक वे ग्राम सभाओं में शामिल नहीं होंगे। इस घटना से गांव के विकास कार्यों पर भी सवाल उठने लगे हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन ग्रामीणों की इस नाराजगी को दूर करने के लिए क्या कदम उठाता है।

# शासकीय शाला भवन जर्जर, कक्ष में भरा पानी



**इनका कहना हैं**

शाला अन्य निजी भवन में संचालित करवा दी गई हैं। शिक्षक की वेतन पत्रक में अनुपस्थित दर्शित की जा रही हैं।

**टी बघेल संकुल प्राचार्य**

अमरपुर। जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत प्राथमिक शाला खितौली संकुल केंद्र कमकोमोहनियां जहां शाला भवन इतनी दैयनीय स्थिति में पहुंच गया हैं। जिस भवन के अंदर जाकर देखने में डर लगता हैं। छात्रों ने बतलाया कि आज से ही अतिथि शिक्षक हेमंत मुराली के मकान में शाला का संचालन किया जा रहा हैं। जहां मात्र एक कमरे में ही कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाएं एक साथ संचालित की जा रही हैं। जिस प्राथमिक शाला की दर्ज संख्या 38 की बताई गई। जहां पहले हेमंत उईके सहायक अध्यापक पदस्थ रहे। उनके साथ हेमंत मुराली अतिथि शिक्षक के तौर पर पदस्थ रहे। परंतु सहायक अध्यापक हेमंत उईके के अनुपस्थित की वजह से प्राथमिक शाला खितगांव से देव सिंह कुशराम को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पदस्थ किया गया हैं। जिस शाला में 21 अगस्त को शिक्षक देव सिंह कुशराम अतिथि शिक्षक हेमंत मुराली उपस्थित रहे। जानकारी अनुसार उक्त शाला में एक महिला शिक्षक भी पदस्थ हैं। जोकि 21 अगस्त तक शाला में उपस्थित नहीं दी गई हैं। इस प्रकार भगवान भरोसे शिक्षा व्यवस्था संचालित हो रही हैं। इसी प्रकार बोधघुण्डी आमाटोला प्राथमिक शाला के भवन में भी पन्नी लगाकर शाला संचालन किया जा रहा हैं। इनके अलावा अनेक शाला भवन हैं। जोकि जर्जर हो चुके हैं फिर भी शाला संचालित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में कभी भी कोई अनहोनी घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

### बजाग में सम्पन्न हुई माटी गणेश-सिद्ध गणेश निर्माण कार्यशाला और ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का सक्रियकरण प्रशिक्षण



**डिंडौरी**। मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद विकास खण्ड बजाग के तत्वावधान में माटी गणेश, सिद्ध गणेश निर्माण कार्यशाला सह प्रशिक्षण एवं विकासखंड स्तरीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का सक्रियकरण बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में नवांकुर सखी प्रेरक, सेक्टर प्रेरक, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियाँ, नवांकुर संस्थाएँ, मेंटर्स और माटी कला से जुड़े कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण रहित गणेश चतुर्थी का संदेश देना रहा। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया कि गणेश चतुर्थी पर स्थापित की जाने वाली गणेश प्रतिमाएँ स्थानीय शुद्ध मिट्टी से बनाई जाएँ ताकि विसर्जन के समय जल प्रदूषण न हो।कार्यक्रम में जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान ने प्रस्फुटन समितियों की गतिविधियों, नवांकुर सखियों को बीज रोपित थैलियों के अनुश्रवण, नशामुक्ति हेतु शपथ और संस्कार केंद्रों की भूमिका पर जानकारी दी।उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद ने प्रदेशभर में 10 लाख मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं के निर्माण व स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी उद्देश्य से जिला, विकासखंड एवं सेक्टर स्तर पर माटी गणेश-सिद्ध गणेश कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।कार्यशाला में प्रशिक्षक रमेश प्रजापति ने मिट्टी की प्रतिमा निर्माण की विधि पर प्रशिक्षण दिया। इस दौरान नवांकुर संस्थाओं, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं, परामर्शदाताओं और ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सक्रिय सहभागिता रही।बैठक सह प्रशिक्षण में जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान, विकासखंड समन्वयक अंजू दुबे, मेंटर्स शिवकुमार धुर्वे, सुरेन्द्र धर बड़गैंया, खिलावन सिंह गौतम, सूरज नंदा, पूजा तिवारी, नवांकुर संस्था से गुरूदास कुलदीप, भानसिंह मरकाम और त्रिलोकी नाथ वनवासी ने सक्रिय भागीदारी की।

## शहपुरा नगर परिषद को मिला नया सीएमओ



**शहपुरा** । डिंडौरी जिले की नगर परिषद शहपुरा में लंबे समय से रिक्त चल रहे मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) के पद का प्रभार अब सौंप दिया गया है। संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, जबलपुर संभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार नगर परिषद मलाजखण्ड में पदस्थ राजस्व उप निरीक्षक विकेश कुमार कुमरे को शहपुरा नगर परिषद में सीएमओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विदित हो कि शहपुरा नगर परिषद में लगभग एक वर्ष से मुख्य नगरपालिका अधिकारी का पद रिक्त था। इस संबंध में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने पत्र लिखकर तत्काल प्रभार दिए जाने का अनुरोध किया था। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि शहपुरा नगर परिषद में कार्यों के संचालन में लगातार कठिनाई आ रही थी, इसलिए कार्यालयीन कार्य-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए विकेश कुमार कुमरे को तत्काल प्रभाव से सीएमओ का प्रभार सौंपा गया है। आदेश की पुष्टि आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल द्वारा की जानी है। नए आदेश के बाद कुमरे ने शहपुरा नगर परिषद में मुख्य नगरपालिका अधिकारी का प्रभार विधिवत रूप से ग्रहण कर लिया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हिनौता**
**जनपद पंचायत डिंडौरी**
**निविदा आमंत्रण**

ग्राम पंचायत हिनौता जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले समस्त निर्माण कार्यो के लिए विभिन्न निर्माण सामग्री जैसे ईट, रेत, गिटी, लोहा, छड़, सीमेंट समेत अन्य सामग्री ,स्टेशनरी सामग्री क्रय करने एवं ग्राम पंचायत अंतर्गत अन्य आवश्यक कार्यो मोटर सुधार, पाईप, वायर आदि के क्रय के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सप्लायर्स दिनॉक 22/08/2025 से 25/08/2025 तक में कार्यालय ग्राम पंचायत में समय सुबह 10 बजे से 4 बजे तक कोटेशन निविदा जमा कर सकते हैं।

सरपंच सचिव

टीप: समय पर सामग्री प्रदान नही कराने पर ग्राम पंचायत अन्य सप्लायर्स से सामग्री क्रय हेतु स्वतंत्र रहेगी।

# जिला जेल डिंडौरी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




**डिंडौरी ।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिंडौरी के मार्गदर्शन में 20 अगस्त 2025 को जिला जेल डिंडौरी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री गिरजेश कुमार सनोडिया एवं न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिंडौरी श्री आशीष केशरवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।शिविर के दौरान दोनों अधिकारियों ने जेल परिसर एवं विभिन्न बैरकों का निरीक्षण किया तथा बंदियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनके प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने बंदियों को पैरोल, प्री-बारगेनिंग, रिमिशन, जेल बंदियों के अधिकार तथा निःशुल्क विधिक सहायता अधिनियम 2015 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य प्रत्येक बंदी को न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना है, चाहे उसकी आर्थिक या सामाजिक स्थिति कुछ भी क्यों न हो।जागरूकता शिविर में मौजूद बंदियों ने गंभीरता से सभी जानकारियां सुनी और विधिक अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों को आत्मसात किया। अधिकारियों ने बंदियों को यह भी आश्वासन दिया कि यदि किसी को कानूनी सहायता की आवश्यकता है, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उनकी मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहेगा।इस अवसर पर जेल अधीक्षक लव सिंह काटिया, पैरालीगल वालेंटियर्स धरम सिंह राजपूत तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का स्टाफ भी उपस्थित रहा। शिविर के अंत में जेल प्रशासन एवं उपस्थित अधिकारियों ने संयुक्त रूप से यह संकल्प लिया कि प्रत्येक बंदी को उसके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा और निःशुल्क विधिक सहायता की सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएंगी। यह विधिक जागरूकता शिविर न केवल बंदियों को उनके अधिकारों की जानकारी देने का माध्यम बना, बल्कि न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास को भी मजबूत करने का एक सार्थक प्रयास साबित हुआ।

## खबर संक्षेप

### नयन साहू का नीट की परीक्षा चयन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर के प्रतिष्ठित साहू परिवार के पुत्र नयन साहू का नीट की परीक्षा मे चयन हुआ। ज्ञात हो कि नयन साहू अर्चना-राकेश साहू के पुत्र है नीट की परीक्षा उच्चतम अंकों के साथ उत्तीर्ण कर प्रसिद्ध चिकित्सा महाविद्यालय सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, दिल्ली एनसीआर में एमबीबीएस के पाठ्यक्रम हेतु चयन हुआ है। उनकी इस सफलता पर उनके शुभचिंतको द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### नदी में डूबा युवक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस उमर नदी मे हाथ पैर धोने गया युवक नदी मे डूब गया। मिली जानकारी के अनुसार मुकेश यादव उम्र 38 वर्ष निवासी तिंदनी खेत से लौटते समय पुल पर गाड़ी व कपड़े रखकर हाथ पैर धोने के लिए नदी मे चला गया और डूब गया जिसकी सूचना ठेमी पुलिस को दी गई। एसडीईआरएफ एवं होम गार्ड की टीम युवक की तलाश मे जुटी हुई है। समाचार लिखे जाने तक युवक की खोज जारी थी।

### व्यक्ति ने खाया जहर, जबलपुर रेफर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र करेली निवासी युवक द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। पुलिस ने बताया कि मनोज पिता गिरधारी लाल गुप्ता उम्र 53 वर्ष निवासी आमगांव थाना करेली द्वारा अपने घर पर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया।

### महिला ने खाया जहर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस महिला द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि रागिनी पति विनोद मेहरा उम्र 25 वर्ष निवासी सिमरिया थाना कोतवाली द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### स्कूलों में नशा मुक्ति अभियान के तहत किया जागरूक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में जिले के शासकीय स्कूलों में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बच्चों, नागरिकों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया जा रहा है। कलापथक दल द्वारा गीत- संगीत के माध्यम से जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को कलापथक दल द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल बचई में विद्यार्थियों व नागरिकों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में गीत- संगीत के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही नशा नहीं करने और लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई।

### आकाशीय बिजली गिरने से मकान की दीवार गिरी



**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 09 में स्थित दिनेश पाठक के मकान पर बुधवार की रात्रि में जोर की आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से मकान की दीवार गिर गई वहीं मकान में जगह-जगह दरारें भी आ गई है। अन्य और कोई जन हानि नहीं हुई। बिजली गिरते ही परिजन घबरा गये थे।

### सहायक अभियंता को दी गई विदाई



**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस तेंदूखेड़ा विधुत वितरण केंद्र में पदस्थ सहायक अभियंता विमल कुमार सोनी का तेंदूखेड़ा से करेली स्थानांतरण हो जाने पर उन्हें समारोह पूर्वक विदाई दी गई। श्री सोनी द्वारा तेंदूखेड़ा विधुत वितरण केंद्र में एक वर्ष सेवाएं दी विभाग को ऊंचाइयों पर पहुंचाने की दिशा में ईमानदारी से अपनी अहम भूमिका निभाई।श्री सोनी को कनिष्ठ अभियंता उमेश बाल्मीकि लाइनमैन हैल्पर मीटर रीडर द्वारा पुष्प माला से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेट किया गया।

## नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों पर हुई कार्यवाही

# 5 ऑटो जब्त, वसूला साढ़े नौ हजार का जुर्माना

**गुरूवार को परिवहन अधिकारी व उनकी टीम द्वारा जिले की यातयात व्यवस्था को सुधारने के लिए कार्रवाई करते हुए 5 आटो जब्त किए तथा नियम विरूद्ध वाहन चालको से लगभग साढ़े नौ हजार रूपए की राशि वसूल कर गई।**

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।







उक्त कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार नियम विरुद्ध वाहन चलाने वाले दोपहिया एवं ऑटो वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। यह कार्यवाही जिला परिवहन अधिकारी के मार्गदर्शन में उनकी टीम द्वारा की जा रही है।

### ऑटो किए गए जब्त

इसी क्रम में जिला परिवहन अधिकारी एवं उनकी टीम ने बुधवार 20 अगस्त और गुरुवार 21 अगस्त को जिले के नरसिंहपुर व गाडरवारा में नियम विरूद्ध वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा नरसिंहपुर में पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण किया गया। बिना हेलमेट पहने 7 व्यक्तियों पर 3500 रुपये और एक ऑटो ओवरलोड व बिना फिटनेस के चलाने वाले व्यक्ति पर 6 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा गाडरवारा में भी ओवरलोड एवं नियम विरूद्ध वाहन चालने वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई। गाडरवारा में 5 ऑटो वाहन चालक नियम के विरूद्ध चलाते पाए जाने पर उनके ऑटो को जप्त कर कार्यवाही की गई।

### बिना हेलमेट के नही मिलेगा पेट्रोल

उल्लेखनीय है कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली क्षति को कम करने दो पहिया वाहन चालकों को बार- बार विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने के बाद भी उनके द्वारा नियमित रूप से हेलमेट का उपयोग नहीं किया जा रहा है। साथ ही बिना हेलमेट धारण कर दो पहिया वाहन चालकों द्वारा जब सार्वजनिक मार्गों पर सफर किया जाता है, तो किसी भी समय उनकी एवं साथ में बैठी सवारी की जान जोखिम में रहने की प्रबल संभावनाएं रहती है। इन्हीं दुर्घटनाओं को रोकने व अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार ऐसे दो पहिया वाहन चालक, जिनके द्वारा हेलमेट धारण नहीं किया है, उन्हें किसी भी पेट्रोल पंप द्वारा पेट्रोल सीएनजी का प्रदाय नहीं किया जाएगा।

### निरंतर चलेगी कार्रवाई

उक्त संबंध में जिला परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया द्वारा बताया गया कि जिले मे यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए उक्त कार्रवाई निरंतर की जावेगी। जिले के सभी दोपहिया वाहन चालकों से अनुरोध किया है कि वे वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहने और अपने जीवन को सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध जो चालानी कार्यवाही की जाती है, उस चालानी के पैसे से एक अच्छा हेलमेट खरीदें और अपने जीवन को सुरक्षित बनायें।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष का हुआ गर्मजोशी के साथ स्वागत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस जिला मुख्यालय मे नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया है मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस दायित्व का निवर्हन करूंगी। किन्तु हमे सफलता तभी मिलेगी जब कांग्रेस का हर नेता और कार्यकर्ता हमें सहयोग करे। उक्त बात नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटैल ने तुलसी मानस भवन में आयोजित स्वागत सम्मान बैठक में कही। जिला कांग्रेस की बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती पटैल ने कहा कि वे कभी संघर्ष करने से पीछे नही रहेंगी। उक्त स्वागत बैठक के पहले खैरी नाके से लेकर नगर के मुख्य मार्गो से श्रीमती सुनीता पटैल के स्वागत सम्मान में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। इस दौरान अनेक स्थानों पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत किया गया। वहीं गाडरवारा से लेकर नरसिंहपुर तक अनेक स्थानों पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनका पुरजोर स्वागत किया। बैठक का संचालन नीलेश जाट, अजय दुबे एवं आभार प्रदर्शन अतुल चौरसिया ने किया।

## विद्यालय में किया गया पौधारोपण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** एकीकृत शासकीय हाई स्कूल, नयाखेड़ा गरगटा में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल करते हुए ग्राम के स्वच्छता वीर मोहन सिंह बसोर ने अपनी माता के नाम पर विद्यालय परिसर में आम के पौधे का रोपण किया। उन्होंने इस कार्य को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत करते हुए पौधे की नियमित देखभाल एवं सुरक्षा का संकल्प भी लिया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती विनीता पांडे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अभिभावकों की ऐसी भागीदारी विद्यालय और समाज दोनों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने अभिभावक मोहन सिंह के प्रयास को सामाजिक उत्तरदायित्व की उत्कृष्ट मिसाल बताया। इस अवसर पर इको क्लब प्रभारी शिक्षक विनोद मेहरा, एल. पी. गिरदोनिया तथा विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विद्यालय प्रशासन द्वारा इस प्रकार की पहल को भविष्य में भी प्रोत्साहित करने की बात कही गई, जिससे छात्रों और अभिभावकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सहभागिता बढ़े।



## पुण्य तिथि पर विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस समीपस्थ ग्राम बेलखेड़ी शेढ़ स्थित अध्यात्म विज्ञान शाला आश्रम में स्व. त्रिभुवन सिंह पटेल बाबूजी के चतुर्थ पुण्य तिथि पर सर्वांगयोग पाठ, श्रद्धांजलि सभा, आध्यात्मिक सत्संग, प्रतिभा सम्मान समारोह व पौधारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम बाबूजी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं तिलक रोरीलगाकर उपस्थित गांव के एवं दूर-दूर विभिन्न क्षेत्रो से आए अध्यात्म प्रेमी जनों के द्वारा बाबूजी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद उपस्थित वक्ताओं में सर्वश्री उदय राज पांडे, पंडित दिनेश कुमार पौराणिक, विज्ञान महर्षि कोमल प्रसाद नामदेव, बेलखेड़ी केंद्र संचालक लक्ष्मण प्रसाद शास्त्री, चरनलाल रामायणी, नरसिंहपुर केंद्र के संचालक दामोदर दास गोस्वामी सहित अन्य वक्ताओं द्वारा गीता उपदेश एवं सर्वांगयोग पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। अगले चरण में प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत ग्राम के कक्षा बारहवीं दसवीं आठवीं एवं पांचवी के सत्र 2025 में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं मुस्कान कोरी य शिवानी राजपूत यरमन लोधीय प्रियंका लोधी काजल लोधी अंशिका राजपूत अंश ठाकुर अभिषेक नोरिया एवं अश्विन मेहरा के साथ-साथ कबड्डी प्रतियोगिता में संभाग स्तरीय प्रतिनिधित्व पर चंदन नोरिया एवं अमित नोरिया को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथि गणों द्वारा परिसर में वृक्षारोपण किया गया। आभार प्रदर्शन ग्राम के पूर्व सरपंच कल्याण सिंह पटेल द्वारा किया गया।आज के इस कार्यक्रम में स्वर्गीय बाबूजी के पारिवारिक सदस्यों सर्व गोविंद सिंह पटेल य इंजीनियर नरेंद्र सिंह निखिल पटेल अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही

## कर्मों के क्षय से ही मिलता है मोक्ष-सागर जी

गोटेगांव-

जन्म का मतलब आत्मा का नूतन शरीर का ग्रहण करना है। क्योंकि आत्मा का वर्तमान शरीर क्षीर्ण शीर्ण होकर छूट जाता है।पंच परिवर्तन ही संसार का नियम है। इसलिए सभी को अपने कर्मों को निरंतर नष्ट करते रहना चाहिए। यदि आपने अपने कर्मों का क्षय कर लिया तो आपका पंच परिवर्तन निश्चित ही श्रेष्ठ होगा।

श्रेष्ठ धर्मअनुकूल जीवन मरण सिद्धांत की यह बात गोटेगांव नगर में विराजमान मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने अपने धर्म प्रवचन में कहीं।

उन्होंने कहा कि जीवन जीने के दौरान व्यक्ति कर्म करता है। इस प्रकार से यह परंपरा चलती चली जाती है। जैसे यदि बीज को जमीन में बो दिया जाता है फिर वह समय के साथ पौधा बनकर फलदार पेड़ बन जाता है।लेकिन यदि बीज को जला दिया जाता है तो फिर वह पौधा या पेड़ नहीं बन सकता। ठीक वैसे ही यदि जीव कर्म करता रहता है तो जन्म मरण होता रहता है और यदि जीव अपने कर्मों का क्षय करता है तो फिर दोबारा उसका जन्म नहीं हो सकता। कर्मों के क्षय के लिए जीवन में सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान ,सम्यक चारित्र को ग्रहण करना होगा।

मुनिश्री ने कहा कि आप जिनेंद्र भगवान की वाणी पर कभी भी शंका मत करना। कर्म जो हुए हैं वह तो दिखाई पड़ते हैं। लेकिन सिद्धत्व कभी दिखाई नहीं पड़ता। इसलिए उस पर तो विश्वास करना श्रद्धा करनी ही होगी।

बालक की सरलता अज्ञानता के कारण होती है। लेकिन भगवान की सरलता निश्छल ज्ञान के कारण होती है। चेतन के लिए तुम कभी छल नहीं करना।छल तो हमेशा अज्ञानता के चलते आप करते हो। इसलिए आपको यदि परमार्थ प्राप्त करना है तो कभी भी इच्छा या स्वार्थ नहीं करना चाहिए। आप स्वार्थ के चलते छल करते हो। सम्यक दृष्टि को सदैव निशंकित होना आवश्यक है।

जगत के जितने भी कार्य हैं उन्हें आप साहस के साथ ,धर्म के साथ करने से ही सिद्धि प्राप्त होती है। ठीक उसी तरह जिनेंद्र भगवान के बताए मार्ग पर चलने से ही परमार्थ सिद्ध होता है। शंकित व्यक्ति की दशा कभी भी ठीक नहीं होती है। क्योंकि शंका ही कांक्षा को जन्म देती है और कांक्षा के कारण ही व्यक्ति ग्लानी महसूस करता है। जिसके चलते वह धर्म में पीछे रहता है।

ज्यादातर व्यक्ति की यह मनोदशा होती है कि जो भी कार्य अच्छा होता है तो वह व्यक्ति सोचता है कि अच्छा कार्य वह स्वयं करता है कि यह कार्य मैंने किया है।,लेकिन यह अच्छी बात नहीं बल्कि यह झूठा प्रदर्शन है। यहां आपको मद अभिमान नहीं करना चाहिए। बल्कि सबने मिलकर इस कार्य को किया है यही विचार रखना चाहिए। आपको प्रभावना कर्तव्य की दृष्टि से करना चाहिए। यहां अहं या मैं का भाव नहीं होना चाहिए। प्रभावना करते समय सबको साथ मिला लिया जाता है। कोई पृथक से नहीं होता।

मुनिश्री ने कहा कि मंत्रों की शक्तियां अतीत से ही पुराणों के इतिहास में वर्णित है। मंत्र यानी जिसका चिंतन और मनन करना होता है। जब आप मंत्र जाप एकाग्र होकर करते हैं तो आपके पापों का क्षय होता है।आपके आराध्य निष्पक्ष हैं इसलिए जब पुण्य का आश्रय आता है तो शुभ कार्य अपने आप होते रहते हैं।पुण्य से ही इष्ट सिद्धि की प्राप्ति होती है। आप मंत्रों के अक्षरों से कभी भी छेड़छाड़ नहीं करना। मंत्र शास्त्र है। इसलिए मंत्र जाप करते समय मन, वचन, काय शुद्ध ही होना चाहिए। नहीं तो मंत्र सिद्धि प्राप्ति नहीं होती है। गुरु जन ही मंत्र को सिद्ध करते हैं और सिद्ध मंत्र का ही आपको जाप करना चाहिए।मंत्रों से कभी भी कोई छेड़छाड़ नहीं करना चाहिए।

ध्यान रखना कि मंत्र सिद्ध होने पर ही दूसरों को दिया जाता है। मंत्र की ही वह शक्ति है कि आपको निरग्रंथ धर्म तीर्थंकर की मुद्रा दिखलाई पड़ती है। मंत्रों की ही शक्ति है कि श्रावक इंद्रियों की चकाचौंध से बचकर साधना करता है। धर्म की आराधना करता है।

यदि आज धर्म की आधारशीलता कोई है तो वह एकमात्र मंत्र ही है।इसलिए उसकी पवित्रता को सदैव बनाए रखना चाहिए। प्रायः देखा गया है कि सभी लोग गुरुजनों से सदैव आकांक्षा रखते है कि कोई मंत्र प्राप्त हो जाए।क्योंकि गुरु अभीक्ष्ण ज्ञानी होते हैं। ना किसी से रुष्ट होना और ना ही किसी से खुश होना यही वीतरागिता है, सम्यक दृष्टि है। आपको गुरु से जो भी मंत्र मिले उसे अच्छे सदभाव के साथ ग्रहण करना चाहिए।मंत्र जाप से मन साफ हो जाता है। मन की राग, द्वेष, कषाय मोह ,माया की सफाई मंत्र के बिना कभी नहीं हो सकती। जो ऐसा कर रहे हैं वह रेत से तेल निकालने का प्रयास कर रहे हैं जो कि सदैव असफल ही होगा। इसलिए मंत्र की उपासना जरूर करना चाहिए। उससे विशाल फल प्राप्त होता है। मंत्र सदैव हर पल, हर संकल्प पर जाप करना चाहिए। मंत्र सदैव स्मरण करते रहना चाहिए। धर्म की अद्भुत चेतना इन मंत्रों में होती है।इन मंत्रों की महिमा अपरंपार है। इससे तुम जगत भी जान जाओगे और आत्मा का सार भी जान जाओगे।



## बी पी एम यू की बैठक संपन्न

**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस चांवरपाठा विकासखंड की बीपीएमयू बैठक का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंचम सिंह मरावी की अध्यक्षता एवं जिला परियोजना समन्वय जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर सहायक परियोजना समन्वयक समीर त्यागी एवं श्रीमती अंजू शर्मा की विशेष उपस्थिति मे आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड के अंतर्गत कक्षा 1 से 12 तक की शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में नामांकन की स्थिति राष्ट्रीय मेरिट कम मींस छात्रवृत्ति हेतु पंजीयन गणवेश वितरण ओलंपियाड पंजीयन जाति प्रमाण पत्र की अध्ययन स्थिति दिव्यांग विद्यार्थियों के यू डी आई डी कार्ड विकलांगता प्रमाण पत्र एवं माह सितंबर में आयोजित होने वाले चिन्हांकन शिविर में दिव्यांग विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जन शिक्षकों को निर्देशित किया गया। इस बैठक में विकासखंड स्त्रोत समन्वय सुनील श्रीवास्तव के द्वारा मेंटरिंग विजिट पीएम पोषण ऐप पर मध्यान भोजन निरीक्षण बैकलेस डे की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा जन शिक्षकों को मॉनिटरिंग के दौरान एफ एल एन की कक्षाओ में अभ्यास पुस्तिकाओं के अवलोकन उनके मूल्यांकन एवं शिक्षक संदर्शिका के उपयोग संबंधी विस्तृत निर्देश जन शिक्षकों को दिए गए। निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण की ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु सभी प्रधान पाठकों को शत प्रतिशत पाठ्य पुस्तक प्राप्ति एवं वितरण दर्ज करने के लिए जन शिक्षक को निर्देशित किया गया।



## अतुल्य भारत कीर्ति सम्मान से सम्मानित हुए विकास

**गोटेगांव।** विगतदिवस हमारे नगर के लिए गौरव का विषय हैकि हमारे गाँव के कलाकार विकास नागवंशी को 15 अगस्त 2025 राष्ट्रीय पावन पर्व के शुभअवसर पर दिल्ली में कलाकुंज की तरफ़ से उनकी कलाकृतियों के लिए अतुल्य भारत कीर्ति सम्मान से सम्मानित करने के साथ ही उनकी बनाई हुई दो पेंटिंग्स को 3 दिनों तक कलाकुंज की प्रदर्शनी में शामिल किया गया, इनमें से एक पेंटिंग उन्होंने अपनी माँ की बनाई हुई है, जिसका शीर्षक विपरीत परिस्थिति में मुस्कुराहट है, जन्हा विकास ने दिखायाकि जब पारिवारिक जीवन के संघर्ष की स्थति थी लेकिन उनकी माँ का मुस्कुराता हुआचेहरा हमे ऊर्जा से भर देता था और हमे आगे बढ़ने का हौसला देता है, और दूसरी पेंटिंग उन्होंने खुद की बनाई जिसका शीर्षक है पूर्ण पुरुष जन्हा बड़े बाल नारीत्व और शरीर पुरुषार्थ, वेद ज्ञान और पेंटिंग ब्रश कर्म को और बुद्ध ध्यान एवं अध्यात्म को दर्शाते है, विकास नागवंशी एक पेंटिंग कलाकार है, जो अपनी कल्पनाओं और अपनी बनाई रचनाओं में दिखाते है, विकास नागवंशी 10 ज़्यादा कला प्रदर्शनी में भाग ले चुके है, और साथ साथ विकास आर्ट टीचर भी है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पे आर्टोनसेप्ट के नाम से अपनी क्लासेज चलाते है, जन्हा देश विदेश के बच्चों को आर्ट सिखाते है, और अभीतक 1000 से ज्यादा बच्चों को अपनी क्लासेज और फी वर्कशॉप्स के जरिए आर्ट सीखा चुके है।

## यदि कोई ब्राह्मण को दान करता है तो उसे शिवसायुज्य कुलाश्रम धाम की होती है प्राप्तिः सदानंद

**गोटेगांव।** विगतदिवस परमहंसी गंगा आश्रम में चातुर्मास पूज्य शंकराचार्य जी महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि भारत भूमि में जन्मलेना अत्यंत दुर्लभ ओर महान पुण्य का फल है। भगवान का अवतार भी भारत में ही होता है। अनेक जन्मों के पुण्य-प्रभाव से ही मनुष्य को भारतवर्ष में जन्म प्राप्त होता है। दान का महत्व और पुण्यफल संध्या-पूजा के समय यदि कोई ब्राह्मण को दान करता है तो उसे शिवसायुज्य कुलाश्रम धाम की प्राप्ति होती है। उत्सव के अवसर पर दान करने वाला दाता विष्णुलोक में निवास करता है। स्वर्ग में जाने वाले जीव के चार विशेष लक्षण प्रकट होते हैं देव-अर्चन (ईश्वर की आराधना).

ब्राह्मण-तर्पण (संतोषपूर्वक ब्राह्मण सेवा).मधुर वाणी. दान की प्रवृत्ति अधर्म के कारण नरक की प्राप्ति व्यासजी ने कहा कि जो मनुष्य अधर्म करता है, उसके भी चार लक्षण होते हैं पर-भूमि पर कब्जा करना. गोचर भूमि (गायों की चराई की भूमि) का अपमान करना.



श्मशान भूमि पर अधिकार करना. कामासक्त होकर भूमि का अनादर करना ऐसे पाप करने वाले जीव क्रमशः कालकूट, कुमीपाक, असिपत्रवन और मीरणाटक नरक में जाते हैं। विशेष उदाहरण जो बावड़ी (कुआँ या तालाब) पर अधिकार करता है, वह मीरणाटक नरक में जाता है। जो भूमि पर दीपक रखकर पूजा करता है, वह सात जन्म तक अंधा होता है। जो शंख को धरती पर रखता है, उसे कुष्ठ रोग होता है।। रामनाम, तुलसी, चन्दन, शास्त्र पुस्तक या यज्ञोपवीत का अपमान करता है, उसे अगले जन्म में ब्राह्मण जन्म नहीं मिलता। व्यासजी ने राजाओं को संबोधित करते हुए कहा जो राजा ब्राह्मणों पर शासन करता है, वह नरक को प्राप्त होता है। जो दूसरों की भूमि पर कब्ज़ा करता है, उसे नागलोक में जाना पड़ता है। जो भूमिदान करता है, उसे भगवती महादीप धाम की प्राप्ति होती है।

### मुंडकोपनिषद का उपदेश

दान और धर्म के विषय में मुंडकोपनिषद 1.2.12 का वचन विशेष रूप से उद्धृत हुआ सत्यमेव जयते नानृतं सत्येन पन्था विततो देवयान येनाक्रमन्त्वृषयो ह्याप्तकामा, यत्र तत सत्यस्य परमं निधानमा अर्थात सत्य ही विजय को प्राप्त होता है, असत्य नहीं। सत्य के मार्ग से ही देवयान मार्ग प्रकाशित होता है। ऋषि और साधक सत्य के बल पर उस परम तत्व को प्राप्त करते हैं, जहाँ सत्य का परम निधान है। पूज्य शंकराचार्य जी ने समझाया कि दान तभी सात्त्विक है जब उसमें सत्य और श्रद्धा का आधार हो। यदि दान केवल दिखावे या लोभ से किया जाए तो उसका फल क्षणिक है, परंतु सत्य-आधारित दान मोक्ष तक ले जाने वाला है। एक प्रेरणादायक कथाएक राजा ने घोषा की जो यह बता दे किमेरी और रानी कीमृत्यु में कौन पहलेमरेगा, उसे आधाराज्य दूँगा। ब्राह्मण धर्मसंकट में पड़ गए। यह संदेश वर्तमान समाज के लिए स्पष्ट चेतावनी और प्रेरणा है कि धर्म का पालन करें, दान को सात्त्विक बनाएं और सत्य को जीवन का आधार बनाएं।